रजनीश मिश्रा तथा रितेश मिश्रा को स्मृति चिह्न भेंट करते भाजपा नेता राजीव जैन।

ऋषिकुल में स्वर्ण जयंती उत्सव पर शास्त्रीय गायन

सोनीपत (ब्यूरो)। ऋषिकुल विद्यापीठ में मंगलवार को हरियाणा स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में शास्त्रीय गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवारत्न से अलंकृत रजनीश मिश्रा तथा रितेश मिश्रा मुख्य अतिथि रहे। वहीं भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। विद्यालय चेयरमैन एसके शर्मा ने मुख्य अतिथियों का गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम में रजनीश मिश्रा तथा रितेश मिश्रा ने अपने विशिष्ट शास्त्रीय गायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा संगीत के विषय में पूछे गए प्रश्नों का उतर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया तथा विभिन्न सुरों और रागों का महत्व बताया। कार्यक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट सुरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्कूल चेयरमैन एसके शर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन एसके शर्मा, निदेशक धीरज शर्मा ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए। यह कार्यक्रम चेयरमैन एसके शर्मा, निदेशक धीरज शर्मा, प्रधानाचार्य नरेशपाल व एचआर मैनेजर अर्चना शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ।